केन्द्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती)

सरदार पटेल भवन, छठा तल, ब्लॉक ए/626, जवाहरलाल नेहरू मार्ग, पटना–800023

(वेबसाइट–www.csbc.bih.nic.in)

संदर्भ : विज्ञापन संख्या–02/2021

मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन विभाग में ''मद्य निषेध सिपाही'' पद पर चयन हेतु विज्ञापन संख्या 02/2021 का शुद्धि पत्र

केन्द्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती) बिहार, पटना द्वारा मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन विभाग में ''मद्य निषेध सिपाही'' पद पर भर्ती हेतु विज्ञापन संख्या 02/2021 दिनांक 17.12.2021 को प्रकाशित किया गया था।

2. मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन विभाग, बिहार सरकार के पत्रांक 7/स्था0 (उ0सि0)–4–03/2013–**46** (अनु0) दिनांक 05.01.2022 द्वारा ''मद्य निषेध सिपाही'' पद पर भर्ती हेतु दिव्यांगजनों की क्षैतिज आरक्षण की अनुमान्यता समाप्त कर दी गई है।

3. अतः दिव्यांग अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे उक्त विज्ञापन के अधीन अपना आवेदन नहीं करें।

4. जो दिव्यांग अभ्यर्थी अपना ऑनलाइन आवेदन कर चुके हैं उन्हें 15 कार्य दिवस के अन्दर आवेदन–पत्र का मूल्य उसी खाता में लौटा दिया जाएगा जिस खाता से उन्होंने भुगतान किया है।

5. संदर्भगत विज्ञापन संख्या 02/2021 के अधीन रिक्तियों की कुल संख्या यथावत रहेगी। दिनांक 17.12.2021 को प्रकाशित विज्ञापन को इस हद तक संशोधित समझा जाएगा।

ह0/

अध्यक्ष,

केन्द्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती),

बिहार, पटना ।

ज्ञापांक 02 /के0च0प0(सू0)

<u>अध्यक्ष, केन्द्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती) का कार्यालय,</u>

सरदार पटेल भवन, छठा तल, ब्लॉक ए/626,

जवाहरलाल नेहरू मार्ग, पटना–800023

दिनांक **06/01/2022**